बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰ 24/2014 से 28/2014 की लिखित परीक्षा की तिथि निर्धारण से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा LPA No. 354/2016, Dr. Ram Pravesh Singh &Others Vrs. The State of Bihar & Others में दिनांक 16.01.2017 को पारित आदेश के आलोक में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰– 24/2014 (गणित), वि॰सं॰– 25/2014 (भौतिकी), वि॰सं॰– 26/2014 (अंग्रेजी), वि॰सं॰– 27/2014 (भूगर्भ शास्त्र) एवं वि॰सं॰– 28/2014 (रसायन) के अर्हित उम्मीदवारों की लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा **दिनांक 18.02.2018** को एकल पाली में 12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक **ए॰एन॰कॉलेज, बोरिंग रोड**, पटना (परीक्षा केन्द्र) में आयोजित की जायेगी।

2. उक्त न्यायादेश के आलोक में अर्हित/अनर्हित उम्मीदवारों की सूची पूर्व में आयोग के वेबसाईट पर दिनांक 19.07.2017 को प्रकाशित की जा चुकी है। सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा में शामिल होने मात्र से आपकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। परीक्षाफल प्रकाशन के किसी भी स्तर पर आपकी अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

3. उपर्युक्त परीक्षाओं के लिए अर्हित उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर परीक्षा की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेगा, जिसे डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र डाक से (By Post) नहीं भेजे जायेंगे।**

4. सभी अर्हित उम्मीदवार, परीक्षा की तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अतिरिक्त कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि मूल में एवं इसकी एक छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।

5. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

15.1.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना